GOVERNMENT DEGREE COLLEGE FOR WOMEN, NALGONDA

DEPARTMENT OF HINDI

STUDENT PROJECT FOR 2016-17

TOPIC

KAARAK PRAYOG

S.NO	NAME OF THE STUDENT	ROLL NO	GROUP&YEAR
1	KATTA PRAVANYA	16044012111521	BA I YEAR
2	KAPPE GEETHA	16044012441019	MPC I YEAR
3	AFREEN ANJUM	16044012445001	BZC I YEAR
4	AMATHUN ARSHIYA	16044012445002	BZC I YEAR
5	MUNAZZA MARIYAM	16044012445025	BZC I YEAR

कारक (case) :-

हिन्दी में आठ कारक होते है। उन्हें विभक्ति चिन्हों सहित नीचे देखा जा सकता है।

कारक - विभक्ति चिन्ह

* कर्ता - ने
* कर्म - को
* करण - से के साथ, के द्वारा
* संप्रदान - के लिए, को
* अपादान - से
* संबंध - का, के, की
* अधिकरण - मे, पर
* संबोधन - हे !, ओ !, अरे !

कारक चिन्ह स्मरण करने के लिए इस पद की रचना की गई हैं।

कर्ता ने अरु, कर्म को, करण रीति से जान।
संप्रदान को, के लिए, अपादान से मान॥
का, के, की, संबंध हैं, अधिकरणादिक में मान।
रे, हे! हो! संबोधन मित्र धरहु यह ध्यान॥

विशेष :- कर्ता से अधिकरण तक विभक्ति चिन्ह [परसर्ग] शब्दों के अंत में लगाए जाते हैं, किन्तु संबोधन कारक के चिह्न - हे, रे, आदि प्रायः शब्द से पूर्व लगाए जाते हैं।

1. कर्ता कारक [Nominative]

जिस रूप से क्रिया (कार्य) के करने वाले का बोध होता है। वह "कर्ता" कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न "ने" है। इस 'ने' चिह्न का वर्तमानकाल और भविष्यकाल में प्रयोग नहीं होता है। इसका सकर्मक धातुओं के साथ भूतकाल में प्रयोग होता है। जैसे -

* राम ने रावण को मारा।

कर्ता कारक

* रोहन ने कहानी पढ़ी।
  कर्ता कारक

पहले वाक्य में क्रिया का कर्ता राम है। इसमें "ने" कर्ता कारक का विभक्ति-चिह्न है। इस वाक्य में 'मारा' भूतकाल की क्रिया है। 'ने' का प्रयोग प्रायः भूतकाल में होता है। दूसरे वाक्य में वर्तमानकाल की क्रिया का कर्ता लड़की है। इसमें 'ने' विभक्ति का प्रयोग नहीं हुआ है।

विशेष :-

भूतकाल में अकर्मक क्रिया के कर्ता के साथ भी ने परसर्ग [विभक्ति चिह्न] नहीं लगता है। जैसे - वह हँसा।

वर्तमानकाल व भविष्यकाल की सकर्मक क्रिया के

कर्ता के साथ ने परसर्ग का प्रयोग नहीं होता है।
जैसे - वह फल खाता है। वह फल खाएगा।

* कर्म - वह फल

कर्म - कर्म कर्ता के साथ 'को' तथा 'से' का प्रयोग भी किया जाता है। जैसे -

बालक को सो जाना चाहिए।
सीता से पुस्तक पढ़ी गई।
रेलगाड़ी से चला भी नहीं जाता।
इससे शब्द लिखा नहीं गया।

2. कर्म कारक [objective]

क्रिया के कार्य का फल जिस पर पड़ता है। वह कर्म कारक कहलाता है। इसका विभक्ति - चिह्न "को" है। यह चिह्न भी बहुत से स्थानों पर नहीं लगता। जैसे -

* लड़की ने पत्र लिखा।
कर्म कारक

* सीता ने पाठ पढ़ा।
कर्म कारक

पहले वाक्य में 'मारने की क्रिया का फल साँप [को मारा] पर पड़ा है। अतः साँप कर्म कारक है। इसके साथ परसर्ग 'को' लगा है। दूसरे वाक्य में 'लिखने' की क्रिया का फल पत्र पर पड़ा। अतः पत्र कर्म कारक है। इसमें कर्म कारक का विभक्ति चिह्न 'को' नहीं लगा।

3. करण कारक [Instrumental]

संज्ञा आदि शब्दों के जिस रूप से क्रिया के करने के साधन का बोध हो अर्थात् जिसकी सहायता से कार्य संपन्न हो वह करण कारक

कहलाता है। इसके विभक्ति-चिह्न 'से' के 'द्वारा' है। जैसे -

* बालक गेंद से खेल रहे हैं।
करण कारक

वाक्य में कर्ता बालक खेलने का कार्य 'गेंद से' कर रहे हैं। अतः 'गेंद से' करण कारक है।

* बच्चा से पानी पीता है।
करण कारक

4. संप्रदान कारक [Dative]

संप्रदान का अर्थ है - देना । अर्थात कर्ता जिसके लिए कुछ कार्य करता है, अथवा जिसे कुछ देता है उस व्यक्त करने वाले रूप को संप्रदान कारक कहते हैं । इसके विभक्ति चिन्ह "के लिए" को हैं ।

* गरीबो के लिए खाना दो ।

संप्रदान कारक

5. अपादान कारक [Ablative]

संज्ञा के जिस रूपसे एक वस्तु का दूसरी से अलग होना पाया जाए अपादान कारक कहलाता है। इसका विभक्ति - चिह्न 'से' है। जैसे -

पेड़ से फल गिरा।

अपादान कारक

6. संबंध कारक [Genitive]

शब्द के जिस रूप से किसी एक वस्तु का दूसरी वस्तु से संबंध प्रकट हो वह संबंध कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'को', 'के', 'की', 'रे', 'रि' है। जैसे –

* सेना के जवान आ रहे है।
  संबंध कारक

7. अधिकरण कारक [locative] :=

शब्द के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध होता है उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसके विभक्ति-चिह्न 'में', 'पर' हैं। जैसे -

पक्षी

* पुस्तक पेड़ पर है।

अधिकरण कारक

* हरी घर में है।

अधिकरण कारक

8. संबोधन कारक :-

जिससे किसी को बुलाने अथवा सचेत करते का भाव प्रकट हो उसे संबोधन कारक कहते है और संबोधन चिह्न (!) लगाया जाता है। जैसे-

हे ईश्वर ! रक्षा करो.

संबोधन कारक

GOVERNMENT DEGREE COLLEGE FOR WOMEN, NALGONDA

DEPARTMENT OF HINDI

STUDENT PROJECT FOR 2016-17

TOPIC

MAHADEVI VARMA KA RACHNA SANSAAR

S.NO	NAME OF THE STUDENT	ROLL NO	GROUP&YEAR
1	SK SHAHNAAZ FATIMA	401215458020	MBC II YEAR
2	ANEES FATIMA	401215405014	BCOM II YEAR
3	MD SAMREEN SULTANA	401215405059	BCOM II YEAR
4	P ANANTHALAKSHMI	401215405011	BCOM II YEAR
5	V KAVYASREE	401215405041	BCOM II YEAR

महादेवी वर्मा रचना संसार

परियोजना कार्य

16 - 17 II yr.

Submitted By

Shaik. Shahnaaz MBBC - 401215458020

Anees Fathima BCom - 401215405014

Samreen Sulthana BCom - 401215405059

P. Aranthalakshmi - 401215405011

V. Kavyasri BCom - 401215405043

: महादेवी वर्मा :

जन्म : 26 मार्च 1907

मरण : 11 सितंबर 1987

महादेवी वर्मा :

महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च 1907 में फर्रुखाबाद में हुआ। हिन्दी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्रियों में से थीं। वे हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तम्भों में से एक मानी जाती हैं। आधुनिक हिन्दी की सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें आधुनिक मीरा के नाम से भी जाना जाता है। कवि निराला ने उन्हें 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की सरस्वती' भी कहा है। महादेवी ने स्वतन्त्रता के पहले का भारत भी देखा और उसके बाद का भी। वे उन कवियों में से एक हैं जिन्होंने व्यापक समाज में काम करते हुए भारत के भीतर विद्यमान हाहाकार, रुदन को देखा, परखा और करुण होकर अन्धकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की कोशिश की। न केवल उनका काव्य बल्कि उनके सामाजसुधार के कार्य और महिलाओं के प्रति चेतना भावना भी इस दृष्टि से प्रभावित रहे। उन्होंने मन की पीड़ा को इतने स्नेह और शृंगार से सजाया कि दीपशिखा में वह जन-जन की पीड़ा के रूप में स्थापित हुई और उसने केवल पाठकों को ही नहीं समीक्षकों को भी गहराई तक प्रभावित किया।

उन्होंने "खड़ी बोली" हिन्दी की कविता में उस कोमल शब्दावली का विकास किया जो अभी तक केवल "बृजभाषा" में ही संभव मानी जाती थी। इसके लिए उन्होंने अपने समय के अनुकूल "संस्कृत और बंगाल" के कोमल शब्दों को चुनकर हिन्दी का जामा पहनाया। संगीत की जानकार होने के कारण उनके गीतों का नाद-सौंदर्य और पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने अध्यापन से अपने कार्यजीवन की शुरूआत की और अन्तिम समय तक के वे "प्रयाग महिला विद्यापीठ" की प्रधानाचार्या बनी रहीं। उनका बाल-विवाह हुआ परन्तु उन्होंने अविवाहित की भांति जीवन-यापन किया। प्रतिभावान कवयित्री और गद्य लेखिका महादेवी वर्मा साहित्य और संगीत में निपुण होने के साथ-साथ कुशल चित्रकार और सृजनात्मक अनुवादक भी थीं।

उन्हें हिंदी साहित्य आकाश में महादेवी वर्मा का नाम ध्रुव तारे की भांति प्रकाशमान है। गत शताब्दी की सर्वाधिक लोकप्रिय महिला साहित्यकार के रूप में वे जीवन भर पूजनीय बनी रहीं। वर्ष 2007 उनका जन्म शताब्दी के रूप में मनाया गया। 27 अप्रैल 1982 को भारतीय साहित्य में अतुलनीय योगदान के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से इन्हें सम्मानित किया गया था। गूगल ने इस दिवस की याद में वर्ष 2018 में गूगल डूडल के माध्यम से मनाया।

शिक्षा :

महादेवी जी की शिक्षा "इन्दौर" में मिशन स्कूल से प्रारम्भ हुई साथ ही संस्कृत, अंग्रेज़ी, संगीत तथा चित्रकला की शिक्षा अध्यापकों द्वारा घर पर ही दी जाती रही। बीच में विवाह जैसी बाधा पड़ जाने के कारण कुछ दिन शिक्षा स्थगित रही। विवाहोपरान्त महादेवी जी ने 1919 में "क्रास्थवेट कॉलेज इलाहाबाद" में प्रवेश लिया और कॉलेज के छात्रावास में रहने लगीं। 1921 में महादेवी जी ने आठवीं कक्षा में प्रान्त भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहीं पर उन्होंने अपने काव्य जीवन की शुरुआत की। वे सात वर्ष की अवस्था से ही कविता लिखने लगी थीं और 1925 तक जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की, वे एक सफल कवयित्री के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी थीं। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में आपकी कविताओं का प्रकाशन होने लगा था। कालेज में "सुभद्रा कुमारी चौहान" के साथ उनकी घनिष्ठ मित्रता हो गई। सुभद्रा कुमारी चौहान महादेवी जी का हाथ पकड़ कर सखियों के बीच में ले जाती और कहतीं - "सुनो, ये कविता भी लिखती हैं"। 1932 में जब उन्होंने "इलाहाबाद विश्वविद्यालय" से "संस्कृत" में एम ए पास किया तब तक उनके दो कविता संग्रह "नीहार" तथा "रश्मि" प्रकाशित हो चुके थे।

जीवनी :

महादेवी वर्मा के परिवार में लगभग 200 वर्षों या सात पीढ़ियों के बाद पहली बार पुत्री का जन्म हुआ था। अतः बाबा बाबू बाँके विहारी जी हर्ष से झूम उठे और इन्हें घर की देवी - महादेवी मानते हुए पुत्री का नाम महादेवी रखा। उनके पिता श्री गोविंद प्रसाद वर्मा "भागलपुर" के एक कॉलेज में प्राध्यापक थे। उनकी माता का नाम "हेमरानी देवी" था। हेमरानी देवी बड़ी धर्म परायण, कर्मनिष्ठा, भावुक एवं शाकाहारी महिला थीं। विवाह के समय अपने साथ सिंहासनासीन भगवान की मूर्ति भी लायी थीं। वे प्रतिदिन कई घंटे पूजा-पाठ तथा "रामायण, गीता" एवं "विनय पत्रिका" का पारायण करती थीं। और "संगीत" में भी उनकी अत्यधिक रुचि थी। इसकी बिल्कुल विपरीत उनके पिता गोविन्द प्रसाद वर्मा सुन्दर, विद्वान, संगीत प्रेमी, नास्तिक, शिकार करने एवं घूमने के शौकीन, माँसाहारी तथा हँसमुख प्रकृति के थे। महादेवी वर्मा के मानस बंधुओं में सुमित्रानंदन पन्त एवं निराला का नाम लिया जा सकता है, जो उनसे जीवन पर्यन्त राखी बँधवाते रहे। निराला जी से उनकी अत्यधिक निकटता थी, उनकी पुष्प कलाइयों में महादेवी जी लगभग चालीस वर्षों तक राखी बाँधती रहीं।

वैवाहिक जीवन :

सन् 1916 में उनके बाबा श्री बाँके बिहारी ने इनका विवाह बरेली के पास नबाब गंज कस्बे के निवासी श्री स्वरूप नारायण वर्मा से कर दिया, जो उस समय दसवीं कक्षा के विद्यार्थी थे। श्री वर्मा इण्टर करके लखनऊ मेडिकल कॉलेज में बोर्डिंग हाउस में रहने लगे। महादेवी जी उस समय क्रास्थवेट कॉलेज इलाहाबाद के छात्रावास में थीं। श्रीमती महादेवी वर्मा को वैवाहिक जीवन से विरक्ति थी। कारण कुछ भी रहा हो पर श्री स्वरूप नारायण वर्मा से कोई वैमनस्य नहीं थी। सामान्य स्त्री-पुरुष के रूप में उनके सम्बन्ध मधुर ही रहे। दोनों में कभी-कभी पत्राचार भी होता था। यदा-कदा श्री वर्मा इलाहाबाद में उनसे मिलने भी आते थे। श्री वर्मा ने महादेवी जी के कहने पर भी दूसरा विवाह नहीं किया। महादेवी जी का जीवन तो एक संन्यासिनी का जीवन था। उन्होंने जीवन भर श्वेत वस्त्र पहना, तख्त पर सोई और कभी शीशा नहीं देखा। सन् 1966 में पति की मृत्यु के बाद के वे स्थायी रूप से इलाहाबाद में रहने लगीं।

प्रमुख कृतियाँ:

महादेवी जी कवयित्री होने के साथ-साथ विशिष्ट गद्यकार भी थीं। उनकी कृतियाँ इस प्रकार हैं।

कविता संग्रह:

1. निहार
2. रश्मि
3. नीरजा
4. सांध्यगीत
5. दीपशिखा
6. सप्तपर्णा
7. प्रथम आयाम
8. अग्निरेखा

श्रीमती महादेवी वर्मा के अन्य अनेक काव्य संकलन भी प्रकाशित हैं, जिनमें उपर्युक्त रचनाओं में से चुने हुए गीत संकलित किये गये हैं, जैसे "आत्मिका, परिक्रमा, सन्धिनी, यामा, गीतपर्व, दीपगीत, स्मारिका, नीलांबरी" और "आधुनिक कवि महादेवी" आदी।

महादेवी वर्मा का गद्य साहित्य:

* रेखाचित्र: अतीत के चलचित्र और स्मृति की रेखाएँ.
* संस्मरण: पथ के साथी और मेरा परिवार और संस्मरण.
* चुने हुए भाषणों का संकलन: संभाषण
* निबंध: शृंखला की कड़ियाँ, विवेचनात्मक गद्य, साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध, संकलिता.
* ललित निबंध: क्षणदा
* कहानियाँ: गिल्लू
* संस्मरण, रेखाचित्र और निबंधों का संग्रह:

हिमालय, चाँद, साहित्यकार, साहित्यकार संसद और रंगवाणी नाट्य संस्था की भी स्थापना की।

पुरस्कार व सम्मान :

उन्हें प्रशासनिक, अर्धप्रशासनिक और व्यक्तिगत सभी संस्थाओं से पुरस्कार व सम्मान मिले।

1943 में उन्हें "मंगलाप्रसाद पारितोषिक" एवं "भारत भारती" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद 1952 में वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद की सदस्या मनोनीत की गयीं। 1956 में भारत सरकार ने उनकी साहित्यिक सेवा के लिए 'पद्म भूषण' की उपाधि दी।

1971 में साहित्य अकादमी की सदस्यता ग्रहण करने वाली वे पहली महिला थीं। 1988 में उन्हें मरणोपरांत भारत सरकार की "पद्म विभूषण" उपाधि से सम्मानित किया गया।

सन् 1969 में "विक्रम विश्वविद्यालय", 1977 में "कुमांऊ विश्वविद्यालय", "नैनीताल", 1980 में "दिल्ली विश्वविद्यालय" तथा 1984 में "बनारस हिंदू विश्वविद्यालय," "वाराणसी" ने उन्हें "डी. लिट' की उपाधि से सम्मानित किया।

16 सितंबर 1991 को भारत सरकार के डाकतार विभाग ने जयशंकर प्रसाद के साथ उनके सम्मान में 2 रुपये का एक युगल टिकट भी जारी किया है।

रेखाचित्र :

1. अतीत के चलचित्र और 2. स्मृति की रेखाएं (1943) 3. शृंखला की कड़ियाँ 4 मेरा परिवार.

संस्मरण :

1. पथ के साथी (1956)
2. मेरा परिवार (1972)
3. स्मृतिचित्र (1973)
4. संस्मरण (2003)

निबंध संग्रह :

1. शृंखला की कड़ियाँ (1942)
2. विवेचनात्मक गद्य (1942)
3. साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध (1962)
4. संकलिता (1969)
5. भारतीय संस्कृति के स्वर

कहानी संग्रह :

गिल्लू और अन्य कहानियाँ चंडीगढ़

भाषण संग्रह :

संभाषण (1974)

कविता संग्रह :

* ठाकुरजी भोले हैं
* आज खरीदेंगे हम ज्वाला

महादेवी वर्मा का देहांत 11 सितंबर 1987 में हुआ।

GOVERNMENT DEGREE COLLEGE FOR WOMEN, NALGONDA

DEPARTMENT OF HINDI

STUDENT PROJECT FOR 2017-18

TOPIC
CHHAYA VAD KE CHAAR

S.NO	NAME OF THE STUDENT	ROLL NO	GROUP&YEAR
1	ISHRATH BEGUM	17044012445014	BZC I YEAR
2	FARAH SULTANA	17044012458008	MBC I YEAR
3	FARHEEN	17044012458009	MBC I YEAR
4	A MAHESHWARI	17044012129002	BA I YEAR
5	JUVERIA GULNAAZ	17044012445017	BZC I YEAR

Study Project - 2017-18

छायावाद के चार स्तम्भो का परिचय और उनकी "रचनाएँ"।

Submitted By: I[st] year students

Ishrat Begum - BZC - 17044124445014
Farha Sultana - MBBC - 17044012458008
Farheen - " - 17044012458009
Ale Maheshwari - B.A - 17044012129002
Juveriya Gulnaaz - BZC - 17044012445017

छायावाद

प्रस्तावन :

छायावाद का उद्भव और विकास :-

छायावाद हिन्दी साहित्य में एक नवीन दृष्टिकोण लेकर आया है। इसने सौ वर्ष के कठिन परिश्रम के बाद अपना एक रूप बनाया है, इसको जनता तक पहुँचने में बहुत समय लगा है। आलोचकों ने नये-नये मापदंडों के द्वारा पाठकों को समझाया है। इनमें आचार्य नंददुलारे वाजपेयी अग्रगण्य हैं।

छायावाद क्या है?

द्विवेदी युग के पश्चात हिंदी साहित्य में जो कविता-धारा प्रवाहित हुई, वह छायावादी कविता के नाम से सिद्ध हुई। छायावाद की कालावधि सन् 1917 से 1936 तक मानी गई है।

वस्तुत: इस कालावधि में छायावाद इतनी प्रमुख प्रवृत्ति रही है कि सभी कवि इससे प्रभावित हुए और इसके नाम पर ही इस युग को छायावादी युग कहा जाने लगा।

छायावाद के स्वरूप को समझने के लिए उस पृष्ठभूमि को समझ लेना आवश्यक है। जिसके उसे जन्म दिया। साहित्य के क्षेत्र में।

नाथ: एक नियम देखा जाता है कि पूर्ववर्ती युग के अभावों को दूर करने के लिए परवर्ती युग का जन्म

समालोचकों में एकमत नहीं हो सका। विभिन्न विद्वानों ने छायावाद की भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ की हैं।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने छायावाद को स्पष्ट करते हुए लिखा है - "छायावाद शब्द का प्रयोग दो अर्थों में समझना चाहिए। एक तो रहस्यवाद के अर्थ में, जहां उसका संबंध काव्य-वस्तु से होता है अर्थात् जहां कवि उस अनंत और अज्ञात प्रियतम को आलम्बन बनाकर अत्यंत चित्रमयी भाषा में प्रेम की अनेक प्रकार से व्यंजन करता है। छायावाद शब्द का दूसरा प्रयोग काव्य शैली या प्रविद्ध पद्धति-विशेष के व्यापक अर्थ में है।

छायावाद एक शैली विशेष है, जो लाक्षणिक प्रयोगों, अप्रस्तुत विधानों और अमूर्त उपमानों को लेकर चलती है। "दूसरे अर्थ में उन्होंने छायावाद को चित्र-भाषा-शैली कहा है।

महादेवी वर्मा ने छायावाद का मूल सर्वात्मवाद दर्शन में माना है। उन्होंने लिखा है कि "छायावाद का कवि धर्म के अध्यात्म से अधिक दर्शन के ब्रह्म का नहीं है, जो मूर्त और अमूर्त विश्व को मिलाकर पूर्णता पाता है। -- अन्यत्र वे लिखती हैं कि छायावाद प्रकृति के बीच जीवन का उद्गीथ है।

डॉ. राम कुमार वर्मा ने छायावाद और रहस्यवाद में कोई अंतर नहीं माना है। छायावाद के विषय में उनके शब्द हैं - "आत्मा और परमात्मा का गुप्त वाग्विलास रहस्यवाद है और वही छायावाद है। एक स्थल पर वे लिखते हैं - "छायावाद या रहस्यवाद जीवात्मा की उस अंतर्निहित प्रवृत्ति का प्रकाशन है, जिसमें वह दिव्य और अलौकिक सत्ता से अपना शांत और नित्य संबंध जोड़ना चाहती है और यह संबंध इतना बढ़ जाता है कि दोनों में कुछ अंतर नहीं रह जाता है। परमात्मा की छाया आत्मा पर पड़ने लगती है और आत्मा की छाया परमात्मा पर। यही छायावाद है।"

आचार्य नंददुलारे वाजपेयी का मंतव्य है - "मानव अथवा प्रकृति के सूक्ष्म किंतु सशक्त सौंदर्य में आध्यात्मिक छाया का भान मेरे विचार से छायावाद की एक सर्व-सर्वमान्य आत्मा हो सकती है। छायावाद की एक मान्य अभिघात विशेषता दो रूपों में दिख पड़ती है। एक सूक्ष्म और काल्पनिक अनुभूति के प्रकाश में और दूसरी लाक्षणिक और प्रतीकात्मक शब्दों के प्रयोग में। और इस आधार पर तो यह कहा ही जा सकता है कि छायावाद अधुनिक हिंदी - कविता की वह शैली है जिसमें सूक्ष्म और काल्पनिक सहानुभूति को लाक्षणिक एवं प्रतीकात्मक ढंग पर प्रकाशित करते हैं।

इसमें परोक्ष की अनुभूति समरसता तथा प्राकृतिक सौंदर्य के द्वारा "अहम" का "इदम" से समन्वय करने का सुंदर प्रयत्न पाया जाता हैं।

8) सांस्कृतिक चेतना :- आचार्य नंददुलारे वाजपेयी का कहना है कि छायावाद में एक नूतन सांस्कृतिक चेतना का उद्भास है और एक स्वतंत्र दर्शन की आयोजना भी।

9) इस कविता में आत्माभिव्यक्ति अधिक होती है।

10) आचार्य रामचंद्रशुकल ने इसको "कामवृत्तियों" का प्रच्छन्न पोषण" कहा हैं।

11) इसमें शब्द :- माधुर्य को प्रधानता दी जाती है इसकी शैली की विशेषता शब्दों के लाक्षणिक प्रयो में है। इसके अलावा अप्रस्तुत योजना, बिंबविधा प्रतीकों का प्रयोग और चित्रात्मकता अन्य गुण है इसमें गेय रचना की बहुलता है। यह कल्पना, कल औ अभिव्यंजना की दृष्टि से अद्वितीय है। प्रसाद पंत, निराला और महादेवी इसमें प्रसिद्ध हैं।

छायावाद की परिभाषा :-

छायावाद अपने युग की अत्यंत व्यापक प्रवृ रही है। फिर भी यह देख कर आश्चर्य होता है कि उसकी परिभाषा के संबध में विचारकों और

3) समन्वय :- यह बाह्य जगत् और भाव-जगत् में समन्वय करता है। छायावादी कवि के लिए गुलाब का फूल यौवन का प्रतीक होता है। झरना उसको मीठी तान सुनाती है। जुही की कली में वह सुहागिन नारी को देखता है। यमुना की लहरें उस के लिए अतीत वैभव का गाना करती हैं।

4) प्रकृति-प्रेम :- छायावादी कवि प्रकृति में जीवन की कल्पना करते हैं। उसकी विभूतियों में तन्मय रहते हैं। उसका चित्रण स्वतंत्र रूप से और नायक-नायिका के साथ भी करते हैं।

5) सौंदर्योपासना :- ये कवि वैचित्र्य और सौंदर्य के उपासक हैं। प्रकृति व नारी की सुंदरता उनके के लिए अनुभव का नहीं बल्कि आराधना का विषय हैं।

6) अमलिन श्रृंगार :- छायावादि कविता में अतिनैतिकता एवं शुष्कता का विरोध करता है। किन्तु रीतिकालीन वासनामय श्रृंगार के प्रति भी इसमें विद्रोह की भावना है। किन्तु रीतिकालीन वासनामय श्रृंगार के प्रति भी इसमें विद्रोह की भावना है। यह अमलिन श्रृंगार के सुंदर और प्रभावशाली चित्रण के लिए प्रसिद्ध है।

7) दार्शनिकता :- कविवर जयशंकर प्रसाद छायावाद को अद्वैत रहस्यवाद का स्वाभाविक विकास मानते हैं।

छायावाद विशेष रूप से हिंदी साहित्य के रोमांटिक उत्थान की वह काव्य-धारा है जो लगभग ई.स 1917 से 1936 तक की प्रमुख युगवाणी रही। 1) इसमें जयशंकर प्रसाद, निराला, सुमित्रानंद पंत, महादेवी वर्मा, आदि मुख्य कवि हुए। यह सामान्य रूप से भावोच्छवास प्रेरित स्वच्छन्द कल्पना-वैभव की वह स्वच्छन्द प्रवृत्ति है जो देश-कालगत वैशिष्ट्य के साथ संसार की सभी जातियों के विभिन्न अभ्यानशील युगों की आशा, आकांक्षा में निरंतर व्यक्त होती रही है। स्वच्छन्दता की इस सामान्य भावधारा की विशेष अभिव्यक्ति का नाम हिंदी साहित्य में छायावाद पड़ा। छायावाद नामकरण का श्रेय मुकुरधर पाण्डेय को जाता है।

2) इसके आधार पर हिंदी साहित्य में छायावादी युग और छायावादी आंदोलन को भी स्थान मिला।

परिचय :-

अंग्रेजी में जिसे रोमांटिसिज्म कहते हैं, हिंदी में उसे "छायावाद" कहते हैं। यों हिंदी कविता में छायावाद का युग द्विवेदी युग के बाद आया। किंतु उसका आरंभ द्विवेदी युग में ही हो गया था। उसके बहुत पहले बाँग्ला में रवींद्रनाथ की रचनाओं से छायावाद प्रतिष्ठित हो चुका था। सन् 1923 में गीतांजलि "पर रवींद्रनाथ को नोबेल पुरस्कार

होता है। छायावाद के मूल में भी यही विचार काम कर रहा है। इससे पूर्व द्विवेदी युग में हिन्दी कविता कोरी उपदेश मात्र बन गई थी। उसमें समाज सुधार की चर्चा आपक रूप से की जाती थी। और कुछ आख्यानों का वर्णन किया जाता था। उपदेशात्मकता और नैतिकता की प्रधानता के कारण कविता में नीरसता आ गई। कवि का हृदय उस निरसता से ऊट गया और कविता में सरसता लाने के लिए वह छटपटा उठा इसके लिए उसने प्रकृति को माध्यम बनाया। प्रकृति के माध्यम बनाया। प्रकृति के माध्यम से जब मानव भावनाओं का चित्रण होने लगा, तभी छायावाद का जन्म हुआ और कविता इतिवृत्तात्मकता को छोड़कर कल्पना लोक में विचरण करने लगी।

छायावाद के प्रमुख विशेषताएँ:

1) अंतर्मुखता :- छायावाद कविता में नीरसता और इतिवृत्तात्मकता के विरुद्ध आंदोलन है। इसलिए अंतर्मुखी है। इसमें प्रेम, विरह और करुणा की प्रधानता है।

2) भावुकता :- इसमें बुद्धिवाद की अपेक्षा भावुकता को अधिक स्थान मिला है। इसके प्रेमगीतों में आत्म-समर्पण की भावना अधिक रहती है। यह प्रेम, नारी प्रकृति और सौंदर्य की कविता है।

2. जयशंकर प्रसाद :-

काव्य के क्षेत्र में पौराणिक युग की किसी घटना अथवा देश-विदेश की सुंदरी के बासहा वर्णन से भिन्न जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतियी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिन्दी में उसे छायावाद नाम से अभिहित किया गया। प्रसाद जी अंत में कहते हैं - छायावादी कविता भारतीय दृष्टि से अनुभूति और अभिव्यक्ति की महिमा पर अधिक निर्भर करती है। ध्वन्यात्मकता, लक्षणिकता, सौंदर्य, प्रकृति-विधान तथा उपचार वक्रता के साथ स्वानुभूति की विवृत्ति छायावाद की विशेषताएँ हैं।

श्री जयशंकर प्रसाद हिन्दी साहित्य को एक नयी दिशा प्रदान करनेवाले महाकवि हैं। बाल्यकाल से ही साहित्य के प्रति आपकी विशेष रूचि थी। आपने प्रारंभ में ब्रज भाषा में कविता की। परन्तु बाद में खड़ीबोली को आपनाय। आपकी प्रतिभा बहुमुखी। धाराओं में प्रवाहित हुई। आपने कविता, नाटक, कहानी, उपन्यास और निबंध आदि साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र को अपनी लेखनी से प्रकाशित किया। भारतीय संस्कृति और बौद्ध धर्म का आपने विशेष अध्ययन किया। आपने हिन्दी कविता के भाव पक्ष और कलापक्ष दोनों की उन्नति की।

मिलने के बाद उनका काव्यप्रभाव अखिल भारतीय आधुनिक साहित्य पर पड़नें लगा था। हिंदी साहि पर भी पड़ा। द्विवेदीयुग के प्रतिनिधि कवि मैथिलीशरण गुप्त की झंकार (सन् 1914-18) देखने ज्ञात होता है कि यत्र-तत्र भी रवींद्रनाथ की प्रतिभा से प्रभावित हुए।

छायावाद का "छाया" शब्द सूक्ष्मता का बोधक वह पंचभूतों को स्थूल रूप में नहीं ग्रहण करता। छायावाद के काव्यजगत् के लिए भी कवि के शब्दों यही कहा जा सकता है जो उसमें अपने मनोजगत् लिए कहा है,

यह छाया का देश, कल्पना की क्रीडास्थल
वस्तुजगत् अपना घनत्व खोकर इस जग में
सूक्ष्म रूप धारणा कर लेता, भावद्रवित हो।

कवि के केवल सूक्ष्म भावात्मक दर्शन का ही 'छाया' से उसके सूक्ष्म कलाभिव्यंजन का भी परिचय मिलता है। उसकी काव्यकला में वाच्यार्थ की अपेक्षा लाक्षणिकता और ध्वन्यात्मकता है। अनुभूति की निगूढ़ता के कारण अस्फुटता भी है। शैली में राग की नवोद्बुद्धता अथवा नवीन व्यंजकता है।

ृ के अग्रदूत है। प्रकृति का
मनोविज्ञान, माधुर्य, करुणा, वे
ृ गुणों से आपका काव्य भरा
ला - समय मधुर पक्ष की ओ
से आप श्रृंगार में रम जाते है
वाद भी विद्यमान है। भाषा
चुरता है।

(jayashankar Prasad)

'कामायनी' आपका महाकाव्य है। इसमें मानव-संस्कृति का मनोवैज्ञानिक अध्ययन है। इस पर बौद्ध का प्रभाव है। बुद्धिवाद की अतिरेकता से पीडित आधु मानव के लिए कवि का संदेश है कि बुद्धि और ह्र के बीच समरसता स्थापित करने से ही आनंद मिल है। 'आँसू' वियोग श्रृंगार का मुक्तक काव्य है। इसमें रहस्य की भावना है। "स्कन्दगुप्त' और "चन्द्रगुप्त" जैन आपके नाटकों में ऐतिहासिक गरिमा है। 'लहर", "झरना आदि आपके कविता संग्रह हैं। "कंकाल", 'तितली', इरावती उपन्यास हैं। "आकाशदीप" और "प्रतिध्वनि कहानी - संग्रह हैं। काव्य और कला तथा अन्य निबं आपके निबंधों का संग्रह हैं। हिन्दी - साहित्य जगत में आपका गौरवमय स्थान है।

जीवन - परिचय :-

प्रसाद जी का जन्म माघ शुक्ल 10, संवत् 1946 वि. (तदनुसार 30 जनवरी 1890 ई. दिन - गुरूवार) को काशी के सराय गोवर्धन में हुआ (इनके पितामह बाबू - शिवरतन साहू - दान देने में प्रसिद्ध थे और इनके पिता बाबू देवीप्रसाद जी कलाकारों का आदर करने की लिये विख्यात थे। इनका काशी में बड़ा सम्मान था और काशी की जनता काशीनरेश के बाद हर हर महादेव से बाबू देवीप्रसाद का ही स्वागत करती थी। किशोरावस्था के पूर्व ही माता और बड़े भाई का देहावसान हो जाने के कारण 17 वर्ष की उम्र में ही प्रसाद जी पर आपदाओं का पहाड़ टूट पड़ा। कच्ची गृहस्थी, घर में सहारे के रूप में केवल विधवा भाभी कुटुंबियों, पखिार से संबद्ध अन्य लोगों का संपत्ति हड़पने का षड्यंत्र, इन सबका, सामना उन्होंने धीरता और गंभीरता के साथ किया, प्रसाद जी की प्रारंभिक शिक्षा काशी में क्वीन्स कालेज में हुई, किंतु बाद में घर पर इनकी शिक्षा का आपक प्रबंध किया गया, जहाँ संस्कृत, हिन्दी, उर्दू तथा फारसी का अध्ययन इन्होंने किया। दीनबंधु ब्रम्हाचारी जैसे विद्वान, इनके संस्कृत के अध्यापक थे। इनके गुरूओं में "समय शिव्द" की भी चर्चा की जाती है।

घर के वातावरण के कारणसाहित्य और कलाके प्रति उनमें प्रारंभ से ही रुचि थी और कहा जाता है कि नौ वर्ष की उम्र में ही उन्होंने 'कलाधर" के नाम से ब्रजभाषा में एक सवैया लिखकर "रसमय सिद्ध" को दिखाया था। उन्होंने वेद, इतिहास, पुराण तथा साहित्य शास्त्र का अत्यंत गंभीर अध्ययन किया था। बाग - बगीचे तथा भोजन बनाने के शौकनि थे और शतरंज के खिलाड़ी। भी थे वे नियमित आयाम करनेवाले, सात्विक पान एंव गंभीर प्रकृति के व्यक्ति थे। वे नागरीप्रचारिणी सभा के उपाध्यक्ष भी थे। क्षय रोग से नवम्बर 15, 1937 (दिन - सोमवार) को प्रातःकाल (उम्र 48) उनका देहांत काशी में हुआ।

कृतियाँ :-

प्रसाद जी के जीवनकाल में ऐसो साहित्यकार काशी में वर्तमान थे जिन्होंने अपनी कृतियों द्वारा हिंदी साहित्य की वृद्धि की। उनके बीच रहकर प्रसाद ने भी अनन्य गौरवशाली साहित्य की सृष्टि की। कविता, कहानी, उपन्यास नाटक और निबन्धं, साहित्य की प्रायः सभी विधाओं में उन्होंने ऐतिहासिक महत्व की रचनाएँ की तथा खड़ी बोली की श्रीसंपदा को महान और मौलिक दान से समृद्ध किया। कालक्रम से प्रकाशित उनकी कृतियाँ ये हैं।

काव्य :- प्रसाद ने काव्यरचना ब्रजभाषा में आरंभ की और धीरे-धीरे खड़ी बोली को अपनाते हुए की खड़ी बोली के मूर्धन्य कवियों में उनकी गणना की जाने लगी और वे युगवर्तक कवि के रूप में प्रतिष्ठित हुए।

उनकी काव्य रचनाएँ दो वर्गों में विभक्त हैं काव्यपथ अनुसंधान की रचनाएँ और रससिद्ध रचनाएँ आँसू। लहर तथा कामयानी दूसरे वर्ग की रचनाएँ हैं।

निबंध :- प्रसाद ने प्रारंभ में समय पर इंदु में विविध विषयों पर सामान्य निबंध लिखे। बाद में उन्होंने शोधपरक ऐतिहासिक निबंध, यथा: सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य, प्राचीन आर्यवर्त और उसका प्रथम सम्राट आदि भी लिखे हैं। ये उनकी साहित्यिक मान्यताओं की विवेचनात्मक वैज्ञानिक भूमिका प्रस्तुत करते हैं। विचारों की गहराई, भावों की प्रबलता तथा चिंतन और मनन की गंभीरता के ये जाज्वल्य प्रमाण हैं।

(Sumithra Nandan Panth)

भाषा में लाक्षणिक प्रयोगों, ध्वन्यात्मक शब्दों एवं चित्रमय वर्णनों की प्रचुरता है। शब्द - चयन में सजगता और संगीत की माधुरी है।

कविता के क्षेत्र में आप अनेक उत्कृष्ट पुरस्कारों के विजेता हैं। 'ग्रान्थि', 'वीणा', पल्लव, युगवाणी, "कला और बूढा चान्द", "लोकायतन एवं चिदम्बरा" आपकी प्रमुख काव्य - कृतियाँ हैं।

सुमित्रानंदन पंत (२० मई १९००- २८ दिसम्बर १९७७) हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। इस युग को जैसे कवियों का युग कहा, पुष्प, लता, भंवरा गुंजन, उषा किरणा, शीतल पवन, तारों की जुनरी ओढ़े गगन से उरती संध्य। से सब तो सहज रूप से काव्य का उपादना बने। निसर्ग के उपादानों का प्रतीक व बिम्ब के रूप में प्रयोग उनके काव्य की विशेषता रही। उनका व्यक्तित्व भी

2. सुमित्रानंदन पंत :-

कविवार सुमित्रानंदन पंत हिन्दी साहित्य छाया - वाद के प्रतिनिधि कवि हैं। आपने अंग्रेजी और बंगला की कविता से प्रभाव ग्रहण किया है। आप कविता में स्वच्छन्दतावादी प्रवृत्ति के समर्थक हैं। तथापि समकलिन अनेक साहित्यिक और अन्य धाराओं को आपने अपनी कविता में स्थान दिया है। छायावादी प्रगतिवादी, गाँधीवादी और अरविंद दर्शन की कविताएँ आपकी कलम से निकली हैं। यह विषय की विविधता है।

प्रमुख रूप से पन्त जी प्रकृति के कवि हैं। आप बचपन में रमणीय प्रकृति की गोद में पलकर बड़े हुए। अतएव प्रकृति - प्रेम पहले आपके स्वभाव का और बाद में कविता का प्रधान अंग बन गया है। वास्तव में कवित्व - रचना की प्रेरणा भी आपको प्रकृति से ही मिली है।

सुकुमार कल्पनाओं और कोमल भावनाओं को आपकी कविता में प्रमुख स्थान मिला है। विषय के अनुसार आपकी भाषा तत्सम - प्रधान ललित खड़ी - बोली है। इसमें संस्कृत के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों का प्रयोग है।

आकर्षण का केंद्र बिंदु था, और गौर वर्ण, सुंदर सौम्य मुखाकृति, लंबे घुंघराले बाल, ऊंची नाजुक कविता का प्रतीक समा शारीरिक सौष्ठव उन्हें सभी से अलग मुखरित करता था।

विचारधारा :-

उनका संपूर्ण साहित्य 'सत्यम शिवम सुंदरम' के आदर्शों से प्रभावित होते हुए भी समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। जहां प्रारंभिक कविताओं में प्रकृति और सौंदर्य के रमणीय चित्र मिलते हैं वहीं दूसरे चरण की कविताओं में छायावाद की सूक्ष्म कल्पनाओं व कोमल भावनाओं के और अंतिम चरण की कविताओं में प्रगतिवाद और विचारशीलता के। उनकी सबसे बाद की कविताएं अरविंद दर्शन और मानव कल्याण की भावनाओं से ओतप्रोत हैं। पंत परंपरावादी आलोचकों और प्रगतिवादी व प्रयोगवादी आलोचकों के सामने कभी नहीं झुके। उन्होंने अपनी कविताओं में पूर्व मान्यताओं को नकारा नहीं। उन्होंने अपने ऊपर लगाने वाले आरोपों को 'नम्र अवज्ञा' कविता के माध्यम से खारिज किया। वह कहते थे गा कोकिला संदेश वह कहते थे गा कोकिला संदेश, सनातन, मानव का परिचय मानवपन।

रचनाकाल :-

पंत द्वारा कृत पल्लव, ज्योत्सना तथा गुंजन (1926-33) उनकी सौंदर्य एंव कला-साधना से परिचय करवाते हैं, इस काल को पंत का स्वर्णिम काल कहा जाना भी गलत नहीं होगा, वह सुरुयात शास्त्रीय संस्कृति पुनर्जागरण की आदर्शवादिता से प्रेरित थे, किंतु युगांत (1937) तक आते-आते बाहरी जीवन के प्रति खिंचाव से उनके भावात्मक दृष्टिकोण में परिवर्तन आने लगे।

सुमित्रानंदन पंत को दिए गए पुरस्कार :-

अन्य पुरस्कारों के अलावा सुमित्रानंदन पंत को भूषण (1961) और ज्ञानपीठ पुरस्कार (1968) से सम्मानित किया गया। अपनी रचना बूढ़ा चांद के लिए सुमित्रानंदन को साहित्य अकादमी पुरस्कार लोकायतन सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार और चिदंबरा पर इन्हें भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ।

सुमित्रानंदन पंत की मृत्यु :-

28 दिसम्बर, 1977 को इलाहबाद (उत्तर प्रदेश) में सुमित्रानंदन पंत का देहांत हो गया उनकी मृत्यु के पश्चात उत्तराखंड राज्य के कौसानी में महाकवि की जन्म स्थली को सरकारी तौर पर अधिगृहीत कर उनके नाम पर एक राजकीय संग्रहालय बनाया गया है।

सुर्जनकुमार कहलाए। उनके पिता पंडित रामसहाय तिवारी उन्नाव (बैसवाड़ा) के रहने वाले थे और महिषादल में सिपाही की नौकरी करते थे। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले का गढ़कोला नामक गाँव के निवासी थे।

काव्यसंग्रह :-

जूही की कली कविता की रचना 1918 में की गई। अनामिका - 1923, परिमल 1930, गीतिका 1936, द्वितीय अनामिका 1938 अनामिका के दूसरे भाग में सरोज स्मृति और राम की शक्ति पूजा जैसे प्रसिद्ध कविताओं का संकलन है। तुलसीदास 1938, कुकुरमुत्ता 42, अणिमा 43, बेला 46, नये पत्ते 46, अर्चना 50, आराधना 53, गीतकुंज 54, सांध्यकाकली अपरा।

उपन्यास :- उच्छृंखला, अलका, प्रभावती 1946, निरूपमा, कुल्ली भाट, बिल्लेसुर बकरिहा।

कहानी संग्रह :- लिली, चतुरी चमार, सुकुल की बीबी - 1941, सखी, देवी।

कहानी संग्रह :- लिली, चतुरी चमारा, सुकुल की बीबी - 1941 सखी - देवी।

निबंध :- रवीन्द्र कविता कानन, प्रबंध पद्मा, प्रबंध प्रतिमा, चाबुक, चयन, संग्रह।

पुराण कथा :- महाभारत

अनुवाद :- आनंदमठ, विष वृक्ष, कृष्णकांत का वसीयतनामा कपालकुंडला, दुर्गेश नंदिनी, राज सिंह, राजरानी, देवी चौधरानी, युगलांगुलीय, चन्द्रशेखर, रजनी, श्री रामकृष्ण वचनामृत, भारत में विवेकानंद तथा राजयोग का बांग्ला से हिन्दी में अनुवाद।

4 महादेवी वर्मा :-

हिन्दी की सर्वाधिक प्रतिभावना कवयित्रियों में से हैं। वे हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक मानी जाती हैं। आधुनिक हिन्दी की सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें आधुनिक मीरा के नाम से भी जाना जाता है। कवि निराला ने उन्हें 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की सरस्वती' भी कहा है। महादेवी ने स्वतंत्रता के पहले का भारत भी देखा और उसके बाद का भी। वे उन कवियों में से एक हैं जिन्होंने व्यापक समाज में काम करते हुए भारत के भीतर विद्यमान हाहाकार, रुदन को देखा, परखा और करुण होकर अन्धकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की कोशिश की। न केवल उनका काव्य बल्कि उनके समाजसुधार के कार्य और महिलाओं के प्रति चेतना भावना भी इस दृष्टि से प्रभावित रहे। उन्होंने सन की दीपशिखा में वह जन-जन की पीड़ा के रूप में

स्थापित हुई और उसने केवल पाठकों को ही। नहीं समीक्षकों को भी गहराई तक प्रभावित किया।

श्रीमती महादेवी वर्मा हिन्दी में छायावाद और रहस्यवाद की कवइत्री हैं। बचपन से ही आपका पारिवारिक वातावरण अत्यंत सरुचिपूर्ण रहा।

तभी से आप सूर, तुलसी और मीरा के पद सुना करती थीं। इस करण से भक्ति का संस्कार उन्हें बाल्यकाल से ही मिला। आपकी माता धर्म, दया और दान गुणों से परिपूर्ण थीं। यह विरासत भी आपके व्यक्तित्व का अंग बन गया। आपने बौद्ध दर्शन का अच्छा अध्ययन किया। उसका प्रभाव करुणा के रूप में आपकी कविता पर पड़ा।

आपके ऊपर मीराबाई का प्रभाव भी दिखाई पड़ता है। तभी तो आपके गीतों में प्रेम और वदेना की अधिकता है। अज्ञात प्रियतम के प्रति वेदना आपके हृदय का भाव - केंद्र है। आपके लिए वेदना के आगे मिलन - सुख कुछ भी नहीं। इसलिए आपने दुःख और करुणा को अपनी कविता का संबल बनाया है। आपकी कविता में आध्यात्मिक वियोग की सुंदर अभिव्यक्ति है। दुःख की तीव्र अनुभूति है। आपके रहस्यवाद की यह विशेषता है कि आप मनुष्य की सीमाबद्धता को। उसकी लघुता को अपना ससीम में उसीम को देखती हैं।

गीत लिखने में आपको जो सफलता मिली है, वह अत्यंत दुर्लभ है। प्रेम और दर्शन के संगम ने आपके गीतों को रसयुक्त बनाया है। आपकी अभिव्यंजना अनुपम है। भाषा में स्निग्धता, प्रौढ़ि प्रांजलता और प्रवाह है।

प्रमुख कृतियाँ :-

1. नीहार (१९३०)
2. रश्मि (१९३२)
3. नीरजा (१९३४)
4. सांध्यगीत (१९३६)
5. दीपशिखा (१९४२)
6. सप्तवर्णा (अनूदित - १९५९)
7. प्रथम आयाम (१९७४)
8. अग्निरेखा (१९९०)

श्रीमती महादेवी वर्मा के अन्य अनेक काव्य संकलन भी प्रकाशित हैं। जिनमें उपर्युक्त रचनाओं में से चुने हुए गीत संकलित किये गये हैं। जैसे आत्मिका, परिक्रमा, सान्धिनी (१९६५), यामा (१९३६), गीत - पर्व, दीपगीत, स्मारिका, नीलांबरा और आधुनिक कवि महादेवी आदि।

महादेवी वर्मा का गद्य साहित्य :-

1. रेखाचित्र :- अतीत के चलचित्र (१९४१) और स्मृति की रेखाएं (१९४३)
2. संस्मरण :- पथ के साथी (१९५६) और मेरा परिवार
3. चुने हुए भाषणों का संकलन :- संभाषण (१९७४)
4. निबंध :- शृंखला की कड़ियाँ (१९४२), विवेचनात्मक, गद्य (१९४२), साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध (१९३२), संकल्पिता (१९६९)
5. ललित निबंध :- क्षणदा (१९५६)

आपकी कविता की सबसे बड़ी विशेषता चरणों की विषमता है। आप हिन्दी में मुक्तछंद के प्रवर्तक हैं। उन्होंने भावों की मुक्ति के लिए छंदों की मुक्ति को आवश्यक समझा है। तथापि ध्वनिसाम्य और अनुप्रासों के समुचित प्रयोग से हो जाता है। जिस तरह मुक्त मनुष्य कभी किसी तरह दूसरों के प्रतिकूल आचरण नहीं करता, उनके तमाम कार्य औरों को प्रसन्न करने के लिए होते हैं, फिर भी स्वतंत्र। इसी तरह कविता का भी हाल है।

आधुनिक हिन्दी के महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी का उपनाम 'निराला' है। आपको आपकी रचनाओं के आधार पर पौरुष-प्रधान कवि कहा गया है। किन्तु आपका व्यक्तित्व पौरुष, ओज, कठोरता और कोमलता का अद्भुत सम्मेलन है। वे जीवन, समाज और काव्य-तीनों क्षेत्रों में क्रांतिकारी रहे हैं। हिंदी कविता में प्रत्येक नूतन धारा की पताका लेकर आगे चलने-वाले कवि केवल 'निराला' हैं। आपने छायावाद, रहस्य वाद, प्रगीतवाद और नयी कविता पर आपने अमिटतत्व की छाप छोड़ दी है।

उनमें किसी भी विषय पर लिख सकने की प्रतिभा थी। उनके रहस्यवाद में बंगाली कवियों जैसी आध्यात्मिकता का सुरंग है। आपकी रहस्यवादी कविताएँ माधुर्य भावना को लेकर चली हैं। आपमें कविता सरस और संगीतात्मक बन पड़ी है।

आपके कविता-विषय विविध हैं। छत्रपति शिवाजी और तुलसीदास ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा से पूर्ण हैं। 'आराधना' और 'अर्चना भक्ति भावना से भरे हैं। 'राम की शक्तिपूजा' ओजमयी रचना है। 'सरोज-स्मृति' वैयक्तिक अनुभूति से भरी भावपूर्ण कविता है। जागो फिर एक बार जुही की कली और 'कुकुरमुत्ता' में क्रमशः प्रबोध, प्रणय और व्यंग्य विद्यमान हैं। आपकी भाषा में ओज, प्रवाह, कसक और गरिमा हैं। क्यों न हो, आप महाप्राण निराला जो हैं।

जीवन परिचय :-

हिन्दी साहित्य के सर्वाधिक चर्चित साहित्यकारों में से एक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का जन्म बंगाल की रियासत महिषादल (जिला मेदिनीपुर) में माघ शुक्ल 11 संवत 1953 तदनुसार 11 फरवरी सन् 1896 में हुआ था। उनकी कहानी संग्रह लिली में उनकी जन्मतिथि 21 फरवरी 1899 अंकित की गई है। वसंत पंचमी पर उनका जन्मदिन मनाने की परंपरा 1930 में प्रारंभ हुई। उनकी जन्म रविवार को हुआ था। इसलिए

3. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला :-

हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक माने जाते हैं। अपने समकालीन अन्य कवियों से अलग उन्होंने कविता में कल्पना का सहारा बहुत कम लिया है और यथार्थ को प्रमुखता से चित्रित किया है। वे हिन्दी में मुक्तछंद के प्रवर्तक भी माने जाते हैं। 1930 में प्रकाशित अपने काव्य संग्रह परिमल की भूमिका में वे लिखते हैं —

"मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति होती है। मनुष्यों की मुक्ति कर्म के बंधन से छुटकारा पाना है और कविता की मुक्ति छन्दों के शासन से अलग हो जाना है। जिस तरह मुक्त मनुष्य कभी किसी तरह दुसरों के प्रतिकूल आचरण नहीं करता, उनके तमाम कार्य औरों को प्रसन्न करने के लिए होते हैं, फिर भी स्वतंत्र। इसी तरह कविता का भी हाल है।

आधुनिक हिन्दी के महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी का उपनाम 'निराला' है। आपको आपकी रचनाओं के आधार पर पौरुष - प्रधान कवि कहा गया है। किन्तु आपका व्यक्तित्व पौरुष, ओज, कठोरता और कोमलता का अद्भुत समन्वय है। वे जीवन, समाज और काव्य - तीनों क्षेत्रों में क्रांतिकारी रहे हैं। हिन्दी कविता में प्रत्येक नूतन धारा की पताका लेकर आगे चलने वाले कवि केवल, 'निराला' हैं। आपने छायावाद, रहस्य वाद, प्रगतिवाद और नयी कविता पर आपने व्यक्तित्व की छाप छोड़ दी है।

उनमें किसी भी विषय पर लिख सकने की प्रतिभा थी। उनके रहस्यवाद में बंगाली कवियों जैसी आध्यात्मिकता का सुरंभ है। आपकी रहस्यवादी कविताएँ माधुर्य भावना को लेकर चली हैं। आपमें सामाजिक बंधनों के प्रति अरुचि है। आपकी प्रगतिवादी कविता में समाज के उपेक्षित, दलित और पीड़ित वर्ग को ऊपर उठाया गया है। 'वह बुड्ढा', 'भिक्षुक और 'वह तोड़ती पत्थर' जैसी कविताओं में कवि की गहरी करुणा प्रकट हुई है। इन कविताओं के शब्द-चय और रूप-चित्रण पर छायावादी प्रभाव है।

(Suryakanth Tripathi)

6. कहानियाँ :- बिल्लू
7. संस्मरण, रेखाचित्र और निबंधों का संग्रह :- हिमालय

(१९६३)

अन्य निबंध में संकल्पिता तथा विविध संकलनों में स्मारिका, स्मृति चित्र, संभाषण, संचयन, दृष्टिबोध उल्लेखनीय हैं। वे अपने समय की लोकप्रिय पत्रिका 'चाँद' तथा 'साहित्यकार' मासिक की भी संपादक रहीं। हिन्दी के प्रचार-प्रचार के लिए उन्होंने प्रयोग में साहित्यकार संसद और रंगवाणी नाट्य संस्था की भी स्थापना की।

महादेवी वर्मा का बाल साहित्य :-

महादेवी वर्मा की बाल कविताओं के दो संकलन छपे हैं।

1) ठाकुरजी भोले हैं
2) आज खरीदेंगे हम ज्वाला

(Mahadevi Varma)

GOVERNMENT DEGREE COLLEGE FOR WOMEN, NALGONDA

DEPARTMENT OF HINDI

STUDENT PROJECT FOR 2017-18

TOPIC

BHISHM SAAHANI KA RACHNA SANSAAR

S.NO	NAME OF THE STUDENT	ROLL NO	GROUP&YEAR
1	R SUPRIYA	16044012441036	MPC II YEAR
2	SK KARISHMA	16044012445034	BZC II YEAR
3	TAAK JYOTHI	16044012405048	BCOM CA II YEAR
4	PARVEEN	16044012405031	BCOM CA II YEAR
5	L SHRUTHI	16044012405020	BCOM CA II YEAR

Study Project
18–19

"भीष्म साहनी"
के कथा संसार
पर
"परियोजना"
"कार्य"

भीष्म साहनी

जब कभी आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रमुख लेखों की चर्चा होती है वहां प्रख्यात साहित्यकर भीष्म साहनी का नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है।

इनको हिन्दी साहित्य में प्रेमचंद की परंपरा का अग्रणी लेखक माना जाता है। भीष्म साहनी उन लेखकों मे से हैं जिनकी कहानियाँ सामाजिक यथार्थ की दृष्टी से महत्वपूर्ण होती थीं।

'भीष्म साहनी' का जन्म 8 अगस्त, 1915 में रावलपिंडी [वर्तमान पाकिस्तान] में हुआ। इनके पिता अपने समय के प्रसिद्ध समाजसेवी थे जबकी प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता बलराज साहनी इनके बड़े भाई थे। भीष्म साहनी की प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही हिन्दी व संस्कृत में हुई।

बाद में उनका दाखिला स्कूल में कराया गया जहाँ उन्होंने उर्दू व अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त की। 1937 में उन्होंने लाहौर गवर्नमेन्ट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में एम. ए. किया। 1958 में पंजाब विश्वविद्यालय से पी. एच. डी. की उपाधि प्राप्त की।

भीष्म साहनी को हिन्दी साहित्य की परंपरा का अग्रणी लेखक माना जाता है। वे मानवीय मूल्यों के लिए हिमायती रहे और उन्होंने विचारधारा को अपने ऊपर कभी हावी नहीं होने दिया।

वामपंथी विचारधारा के साथ जुड़े होने के साथ-साथ वे मानविय मूल्यों को कभी आँखों से ओझल नहीं करते थे। आपाधापी और उठा-पटक के युग में भिष्म साहनी का व्यक्तित्व बिल्कुल अलग था।

उन्हें उनके लेखन के लिए वे चिरस्मरणीय रहेंगे। भीष्म साहनी हिन्दी फिल्मों के जाने माने अभिनेता बलराज साहनी के छोटे भाई थे। वे प्रगतीशील लेखक संघ और [आफ्रो-एशियन] लेखक संघ से भी जुड़े थे।

भीष्म साहनी थियेटर की दुनिया से भी नजदीक से जुड़े रहे। उन्होंने 1940 के करीब बड़े भाई बलराज साहनी की सरपरस्ती में इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन [इप्टा] में काम किया। 1950 में उन्होंने दिल्ली कॉलेज में अंग्रेजी के लेक्चरर के साथ रूप में अपनी सेवाएं भी दी थी।

"भीष्म साहनी"

जन्म : 8 अगस्त, 1915, रावलपिंडी, अविभाजित भारत

मृत्यु : 11 जुलाई, 2003, दिल्ली

मृत्यु स्थान : दिल्ली

अभिभावक : पिता : हरबंस लाल साहनी
माता : लक्ष्मी देवी

पत्नी : शीला

कर्म भूमी : भारत

कर्म- क्षेत्र : साहित्य

मुख्य रचनाएँ: * 'मेरी प्रिय कहानियाँ'
* 'झरोखे'
* 'तमस'
* 'बसन्ती'
* 'हानुस'
* पहला पाठ
* भटकती राख आदी।

विषय : कहानी, उपन्यास
नाटक, अनुवाद।

भाषा : हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दु,
संस्कृत, पंजाबी।

विद्यालय : गवर्नमेंट कॉलेज, पंजाब।

शिक्षा : एम. ए.,
पी. एच. डी.

पुरस्कार
उपाधि : * साहित्य अकादमी पुरस्कार [1975]
* लोटस पुरस्कार [1970]
* सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार [1983]
* पद्म भूषण [1998]

भीष्म साहनी की कहानियाँ:

भीष्म साहनी की पहली कहानी 'अबला' थी जो इंटर कालेज की पत्रिका 'रावी' में प्रकाशित हुई और दूसरी कहानी 'नीली आँखे', यह हंस में प्रकाशित है। यहीं से उनकी कहानी लेखन की परंपरा का प्रारंभ हुआ जो मृत्यु पर्यंत चलता रहा।

'अबला', 'खंडहर', 'आवाजें', 'चेहरे', 'नीली आँखे', 'भटकाव', 'फैसला', 'चीफ की दावत', 'चीलें', 'गल्मुच्छे', 'अमृतसर आ गया है', 'झूमर', 'निमित्त', 'ढोलक', 'तेंदुआ', 'साये' आदी कहानियाँ लिखकर वे हिंदी कहानी क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुए।

भीष्म साहनी ने सदैव यथार्थ को अपनी कहानियों का विषय बनाया। जिस तरह प्रेमचंद की परंपरा का लेखक कहे जाए। वे इस दिशा में यशपाल की उस शैली का थोड़ा अभ्यास किया मालूम पड़ते हैं जो प्रतिमुखता का एक चरम नाटकीय बिंदु पूरे घटनाक्रम के भीतर खड़ा कर लेती है और हमें अभिभूत करती है।

समाज को इस तरह देखने का काम मुंशी प्रेमचंद ने भी अपनी रचनाओं में किया लेकिन भीष्म साहनी का देखा-समझा समाज प्रेमचंद के आगे के समय का समाज है।

साथ ही भीष्म जी ने अपनी भाषा में वैसी ही सादगी और सहजता रखी जो रचनाओं में बौद्धिकों के वाग्जे निकालकर आम लोगों तक पहुंचा देती है।

यही विष्णु प्रभाकर की अद्भुत रचना 'आवारा मसीहा' के बजाय तमस को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला तो इसकी एक वजह ये इस उपन्यास की वह भाषा भी होगी जिससे विषय की मार्मिकता लोगों को दिलों तक पहुंच जाती है।

भीष्म सहानी जी की बेटी कल्पना बताती हैं, "वो जो कुछ भी लिखते थे सबसे पहले मेरी माँ को सुनाते थे। मेरी माँ उनकी सबसे पहली पाठक और सबसे बड़ी आलोचक थीं।"

"तमस की सफलता"

भीष्म साहनी के उपन्यास 'तमस' का साहित्य जगत में बहुत ही स्थान बना है। यह उपन्यास भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय हुए सांप्रदायिक दंगों की पृष्ठभूमी पर आधारित है। इसका अनुवाद 1988 में अंग्रेजी में किया गया। इस उपन्यास पर टेलीविजन धारावाहिक भी बनाया जा चुका है जिसमे ओमपूरी और अमरिश पुरी जैसे अभिनेताओं ने काम किया।

पुरस्कार

भीष्म साहनी जी को 'तमस' के लिए 1975 में साहित्य अकदमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

"हिंदुस्तानी पहले तो अपने देश से भागता है और बाद से उसी हिन्दुस्तान के लिए तरसने लगते है"।

भीष्म साहनी जी लेखन को सच्चाई को अपनी सच्चाई मानते थे, बेहद सादगी पसंद इनसान और दिल्ली विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर साहनी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समाज के अंतिम शक्ति की आवाज उठाने वाले इस लेखक का 11 जुलाई सन् 2003 को इनका शरिर पंचतत्व हो गया।

"हुकुमत करनेवाले यह नहीं देखते की प्रजा में कौनसी समानता पायी जाती है, उनकी दिलचस्पी तो यह देखने में होती है कि वे किन-किन बातों में एक दूसरे से अलग हैं।"

GOVERNMENT DEGREE COLLEGE FOR WOMEN, NALGONDA

DEPARTMENT OF HINDI

STUDENT PROJECT FOR 2018-19

TOPIC

VACHYA PRAYOG

S.NO	NAME OF THE STUDENT	ROLL NO	GROUP&YEAR
1	B SHRUTI	18044012405020	BCOM CA I YEAR
2	SK NASREEN	18044012441054	MPC I YEAR
3	MD ARSHIYA	18044012468147	MPCS I YEAR
4	HAJEERA FATIMA	18044012467024	MSCS I YEAR
5	PARMEET KAUR	18044012405084	BCOM CA I YEAR

Hindi Project Work

2018 - 2019

Submitted by :-
1) B. Shruti - B.com
2) Sk. Nasreen - MPC
3) Md. Arshiya - MPCS
4) Hajeera Fatima - Mscs
5) Parameet - B.com

Topic - "वाच्य प्रयोग"

* वाच्य *

क्रिया के जिस रुपांतर से यह ज्ञात / बोध हो कि क्रिया द्वारा कियो गये विधान का मुख्य बिंदु / विषय कर्ता है, या कर्म उसे वाच्य कहते हैं।

वाच्य की परिभाषा :-

क्रिया के उस परिवर्तन को वाच्य कहते हैं, जिसके द्वारा इस बात का बोध होता है कि वाक्य के अन्तर्गत कर्ता, कर्म या भाव में से किसकी प्रधानता है।

दूसरे शब्दों में - क्रिया के जिस रुपान्तर से यह ज्ञात हो कि वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का प्रधान विषय कर्ता, कर्म अथवा भाव है, उसे वाच्य कहते हैं।

इनमें किसी के अनुसार क्रिया के पुरुष,

वचन आदि आए हैं। इस परिभाषा के अनुसार वाक्य में क्रिया के लिंग, वचन चाहे तो कर्ता के अनुसार होंगे अथवा कर्म के अनुसार अथवा भाव के अनुसार।

* वाच्य के भेद *

वाक्य में प्रयोग के आधार पर वाच्य के तीन प्रकार होते हैं-

① कर्तृवाच्य
② कर्मवाच्य
③ भाववाच्य

1. कर्तृवाच्य (Active Voice) :-

क्रिया के उस रूपान्तर को कर्तृवाच्य कहते हैं जिससे वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो। सरल शब्दों में- क्रिया के जिस रूप में कर्म

* रमेश मिठाई खाता है।

* दिनेश पुस्तक पढ़ता है।

प्रधान हो, उसे कर्तवाच्य कहते हैं।

• उदाहरण के लिए -

* रमेश मिठाई खाता है।
* दिनेश पुस्तक पढ़ता है।

उक्त वाक्यों में कर्ता प्रधान है तथा उन्हीं के लिए 'खाता है' तथा 'पढ़ता है' क्रियाओं का विधान हुआ है, इसलिए यहाँ कर्तृवाच्य है।

2. कर्मवाच्य (Passive Voice) :-

क्रिया के उस रूपान्तर को कर्मवाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो।

सरल शब्दों में - क्रिया के जिस रूप में कर्म प्रधान हो, उसे कर्मवाच्य कहते हैं।

• उदाहरण के लिए -

* कवियों द्वारा कविताएँ लिखी गई।

* रोगी को दवा दी गई।

* उससे पुस्तक पढी गई।

* मुझसे पत्र लिखा नही जाता।

* रोगी को दवा दी गई।
* उससे पुस्तक पढ़ी गई।

उक्त वाक्यों मे कर्म प्रधान है तथा उन्ही के लिए "लिखी गई, 'दी गई' तथा पढ़ी गई' क्रिया क्रियाओं का विधान हुआ है, अतः यहाँ कर्मवाच्य है।

यहाँ क्रियाएँ कर्ता के अनुसार रुपान्तरित न होकर कर्म के अनुसार परिवर्तित हुई है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि अँगरेजी की तरह हिन्दी मे कर्ता के रहते हुए कर्मवाच्य का प्रयोग नहीं होता, जैसे- 'मैं दूध पीता हूँ' के स्थान पर 'मुझसे दूध पीया जाता है' लिखना गलत होगा।

हाँ, निषेध के अर्थ में यह लिखा जा सकता है-

मुझसे पत्र लिखा नही जाता;
उससे पढ़ा नही जाता!

* मुझसे उठा नही जाता।

* धूप में चला नही जाता।

३. भाववाच्य (Impersonal Voice) -

क्रिया के उस रुपान्तर को भाववाच्य कहते हैं; जिससे वाक्य में क्रिया अथवा भाव की प्रधानता का बोध हो।

दूसरे शब्दों में - क्रिया के जिस रुप में न तो कर्ता की प्रधानता हो न कर्म की, बल्कि क्रिया का भाव ही प्रधान हो, वहाँ भाववाच्य होता है।

• उदाहरण के लिए -

* मोहन से टहला भी नहीं जाता।
* मुझसे उठा नहीं जाता।
* धूप में चला नहीं जाता।

उक्त वाक्यों के कर्ता या कर्म प्रधान न होकर भाव मुख्य हैं; अतः इनकी क्रियाएँ भाववाच्य का उदाहरण हैं।

टिप्पणी - यहाँ यह स्पष्ट है कि कर्तृवाच्य में क्रिया सकर्मक और अकर्मक दोनों हो सकती है, किन्तु कर्म-वाच्य में केवल सकर्मक और भाववाच्य में अकर्मक होती हैं।

* राकेश पुस्तक पढ़ रहा है।



* मालया ने खाना खाया।

* वाच्य परिवतन *

1. कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य (Active to passive)

कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य में रूपान्तरण के लिए हमें निम्नलिखित कार्य करने चाहिए -

(i) कर्त्ता कारक में करण कारक के चिह्न 'से'/'द्वारा' का प्रयोग करना चाहिए।

(ii) कर्म को चिह्न - रहित करना चाहिए।

(iii) क्रिया को कर्म के लिंग- वचन -पुरुष के अनुसार रखना चाहिए अर्थात कर्म प्रधान बनाना चाहिए।

उदाहरण :-

1. कर्तृवाच्य - राकेश पुस्तक पढ़ रहा है
   कर्मवाच्य - राकेश के द्वारा पुस्तक पढ़ी जा रही है।

२. कर्तृवाच्य - मालया ने खाना खाया।
   कर्मवाच्य - मालया के द्वारा खाना खाया गया।

* कर्तृवाच्य - बच्चे शोर मचाएँगे।
कर्मवाच्य - बच्चों के द्वारा शोर मचाया जाएगा।

* कर्तृवाच्य - आप गाना गाइए।
कर्मवाच्य - आपके द्वारा गाना गाया जाय।

7

3. कर्तृवाच्य - बच्चे शोर मचाएँगे।
कर्मवाच्य - बच्चों के द्वारा शोर मचाया जाएगा।

4. कर्तृवाच्य - आप गाना गाइए।
कर्मवाच्य - आपके द्वारा गाना गाया जाय।

2. कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य (passive to active)

कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य में परिवर्तन के लिए निम्न बातों पर ध्यान देना चाहिए -

(i) कर्ता के अपने चिह्न (०, ने) आवश्यकतानुसार लगाना चाहिए।

(ii) यदि वाक्य की क्रिया वर्तमान एवं भविष्यत् की है तो कर्तानुसार क्रिया की रूप रचना रखनी चाहिए।

(iii) भूतकाल की सकर्मक क्रिया रहने पर कर्म के लिंग, वचन के अनुसार क्रिया को रखना चाहिए।

उदाहरण:-

1. कर्तृवाच्य - गोपाल पत्र लिखता है।
कर्मवाच्य - गोपाल से पत्र लिखा जाता है।

* कर्तृवाच्य-लडकिया गीत गा रही हैं।
कर्मवाच्य-लडकियों द्वारा गीत गाया जा रहे हैं।

*कर्तृवाच्य- लडकिया गीत गा रही हैं।
कर्मवाच्य- लडकियों द्वारा गीत गाए जा रहे हैं।

8

2. कर्तृवाच्य - लडकियाँ गीता गा रही हैं।
कर्मवाच्य - लडकियों द्वारा गीत गाए जा रहे हैं।

3. कर्तृवाच्य - मजदूर पत्थर नही तोड़ रहे।
कर्मवाच्य - मजदूरों से पत्थर नही तोड़े जा रहे।

3. कर्तृवाच्य से भाववाच्य (Active to Impersonal)

कर्तृवाच्य से भाववाच्य में परिवर्तन करने के लिए निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिए -

(i) कर्त्ता के साथ से / द्वारा चिह्न लगाकर उसे गौण किया जाता हैं।

(ii) मुख्य क्रिया के सामान्य क्रिया एवं अन्य पुरुष पुल्लिंग, एकवचन में स्वतंत्र रूप में रखा जाता हैं।

(iii) भाववाच्य में प्रायः अकर्मक क्रियाओं का ही प्रयोग होता हैं।

* कर्तृवाच्य- पक्षी रात मे सोते हैं।
कर्मवाच्य-पक्षियों से रात मे सोया जाता है।

* कर्तृवाच्य-बच्चे शांत नही रह सकते।
कर्मवाच्य-बच्चों से शांत नही रहा जाता।

उदाहरण :

1. कर्तृवाच्य - पक्षी रात मे सोते हैं।
   कर्मवाच्य - पक्षियो से रात मे सोया जाता हैं।

2. कर्तृवाच्य - बच्चे शांत नही रह सकते।
   कर्मवाच्य - बच्चों से शांत नही रहा जाता।

3. कर्तृवाच्य - वह तख्त पर सोता है।
   कर्मवाच्य - उससे तख्त पर सोया जाता है।

* वाच्य के प्रयोग *

वाक्य में क्रिया के लिंग, वचन तथा पुरुष का अध्ययन 'प्रयोग' कहलाता है।

ऐसा देखा जाता हैं कि वाक्य की क्रिया का लिंग, वचन एवं पुरुष कभी कर्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार होता हैं, तो कभी कर्म के लिंग-वचन-पुरुष के अनुसार, लेकिन कभी-कभी वाक्य की क्रिया कर्ता तथा कर्म के अनुसार न होकर एकवचन, पुंलिंग

* लड़कियाँ पुस्तकें पढ़ेगी।

तथा अन्यपुरुष होती है; ये ही प्रयोग है।

* प्रयोग के प्रकार *

'प्रयोग' तीन प्रकार के होते हैं-

(क) कर्तरि प्रयोग
(ख) कर्मणि प्रयोग
(ग) भावे प्रयोग

(क) कर्तरि प्रयोग -

जब वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार हों, तो उसे कर्तरि प्रयोग कहते हैं।

सरल शब्दों में - क्रिया के जिस रूप मे पुरुष, लिंग और वचन कर्ता के अनुसार हों, तो उसे कर्तरि प्रयोग कहते हैं।

जैसे -

* रोहन खाना खाता है।
* लड़कियाँ पुस्तकें पढ़ेगी।

पहले वाक्य में 'खाता' क्रिया कर्ता 'पवन के अनुकूल



* सौरभ जी ने पुस्तक लिखी।

अन्य पुरुष पुल्लिंग और एकवचन है। दूसरे वाक्य में 'पढ़ेगी' क्रिया कर्ता 'लड़कियाँ' के अनुसार अन्य पुरुष, स्त्रीलिंग और बहुवचन है। ये दोनों कर्तरि प्रयोग के उदाहरण हैं।

(ख) कर्मणि प्रयोग -

जब वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार हों, तो उसे 'कर्मणि प्रयोग कहते हैं।

सरल शब्दों में - क्रिया के जिस रूप में पुरुष, लिंग और वचन कर्म के अनुसार हों, उसे कर्मणि प्रयोग कहते हैं।

जैसे - * सौरभ ने पुस्तक लिखी।
* गौरव ने कई पत्र लिखे।

इन वाक्यों में क्रियाएँ 'लिखी' तथा 'लिखे' क्रमशः कर्म 'पुस्तक' तथा 'कई पत्र' के अनुसार हैं, अतः ये कर्मणि प्रयोग हैं।

* माँ द्वारा पुत्र के लिए खाना परोसा गया।

(ग) भावे प्रयोग -

जब वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्ता अथवा कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार न होकर एकवचन, पुंल्लिंग तथा अन्य पुरुष हो तब भावे प्रयोग होता है।

इसमें क्रिया का रूप सदैव अन्य पुरुष, पुल्लिंग और एकवचन में रहता है, वह कर्ता या कर्म के अनुसार नहीं होता। ध्यान रखिए कि तीनों वाच्यों में भावे प्रयोग देखे जा सकते हैं। जैसे -

कर्तृवाच्य में - हरीश ने लडके को पीटा।
हरीश ने लड़की को पीटा।
हरीश ने लड़कों को पीटा।

कर्मवाच्य में - माँ द्वारा पुत्र के लिए खाना परोसा गया।
माँ द्वारा पुत्री के लिए खाना परोसा गया।
माँ द्वारा सबके लिए खाना परोसा गया।

भाववाच्य मे - उससे खड़ा नही हुआ गया।
उनसे खड़ा नही हुआ गया।
हमसे खड़ा नही हुआ गया।

GOVERNMENT DEGREE COLLEGE FOR WOMEN, NALGONDA

DEPARTMENT OF HINDI

STUDENT PROJECT FOR 2018-19

TOPIC

RAHEEM KE DOHE VYAKTITHV KE VIKAS SOPAN

S.NO	NAME OF THE STUDENT	ROLL NO	GROUP&YEAR
1	SAFOORA BEGUM	17044012445040	BZC II YEAR
2	RUMA FAROZA	17044012445038	BZC II YEAR
3	AMATUN NOOR ATIKA	17044012445002	BZC II YEAR
4	SHERIEN AZRA	17044012569031	MPCA II YEAR
5	TANVEER SULTANA	17044012569044	MPCA II YEAR

GOVT. DEGREE COLLEGE FOR WOMEN'S NALGONDA - 508 001. (T.S.)

RAHEEM KE DOHE OUR VEKTITV VIKAS SOPAN

Submitted by :

1. Sherien Azra — B.Sc. (Computers) - II Yr. EM, Roll NO. 17044012569031
2. Tanveer Sulthana — B.Sc. (Computers) - II Yr. EM, Roll No. 17044012569044
3. Safoora Begum — B.Sc. (Botony) - II Yr. EM, Roll No. 17041012445040
4. Amtul Noor Athika — B.Sc. (Botony) - II Yr. EM, Roll No. 17044012445002
5. Ruma Faroza — B.Sc. (Botony) - II Yr. EM, Roll No. 17044012445038

A PROJECT WORK ON

RAHEEM KE DOHE AUR VEKTITV VIKAS SOPAN

